अपठित गद्यांश 1

समय का महत्व जीवन में अत्यंत महत्वपूर्ण है। जो लोग समय का मूल्य नहीं जानते, वे जीवन में कभी भी सफलता प्राप्त नहीं कर सकते। समय निरंतर चलता रहता है और एक बार चला गया समय फिर लौटकर नहीं आता। समय का सही उपयोग ही व्यक्ति को ऊँचाइयों तक पहुँचा सकता है। अतः हमें समय का सदउपयोग करना चाहिए और प्रत्येक कार्य समय पर करना चाहिए।

Q1. समय का महत्व क्या है?
समय व्यक्ति को ऊँचाइयों तक पहुँचा सकता है।

Q2. जो लोग समय का मूल्य नहीं जानते, वे क्या नहीं प्राप्त कर सकते?
वे जीवन में कभी सफलता प्राप्त नहीं कर सकते।

Q3. समय को कैसे प्राप्त किया जा सकता है?
एक बार चला गया समय कभी वापस प्राप्त नहीं किया जा सकता। समय को केवल सही उपयोग द्वारा सार्थक बनाया जा सकता है।

Q4. उपर्युक्त गंद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए।
समय का सदुपयोग

Q5. 'सदुपयोग' शब्द का विलोम शब्द लिखिए।
दुरुपयोग

अपठित गद्यांश 2

वृक्ष हमारे जीवन का आधार है। वे हमें न केवल प्राणवायु देते हैं, बल्कि फल, फूल, छाया और ईंधन भी प्रदान करते हैं। आज जिस प्रकार वनों की अंधाधुंध कटाई हो रही है, वह मानव जाती के लिए खतरे की घंटी है। यदि हम समय रहते सचेत नहीं हुए, तो हमें इसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। अतः हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए और वनों की रक्षा करनी चाहिए।

Q1. वृक्ष हमारे लिए किस प्रकार लाभकारी हैं?
वे हमें प्राणवायु, फल, फूल, छाया और ईंधन प्रदान करते हैं।

Q2. वनों की कटाई से क्या समस्या हो सकती है?
यह मानव जाती के लिए खतरे की घंटी बन सकती है। गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं।

Q3. हमें क्या करना चाहिए ताकि पर्यावरण सुरक्षित रहे?
हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए और वनों की रक्षा करनी चाहिए।

Q4. 'प्राणवायु' शब्द का अर्थ बताइये।
जीवन के लिए आवश्यक वायु (ऑक्सीजन)

Q5. उपयुक्त शिर्षक दीजिए।
वृक्षों का महत्त्व और संरक्षण